# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, नरेन्द्रनगर वन प्रभाग, मुनिकीरेती

E-mail: dfonnagar-forest-uk@nic.in

Telefax- 0135-2442052


पत्रांक सं0: 2789 / 12–1 दिनांक 01 / 04 /2024

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
अस्थाई खण्ड, लोक निर्माण विभाग,
श्रीनगर मु0–कीर्तिनगर।

विषय :– जनपद–टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत दांदेली भान्देली मोटर मार्ग के नव निर्माण हेतु 1.188 है0 वनभूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लो0नि0वि0 को प्रत्यावर्तन। (प्रस्ताव संख्या–FP/UK/ROAD/10369/2015)

सन्दर्भ:– अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कॉलोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून का पत्रांक–1343 / 12–1, दिनांक 06.01.2024।

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें। जिसके माध्यम से प्रकरण में भारत सरकार के पत्र दिनांक 06.01.2022 के द्वारा निर्धारित एन0पी0वी0 की धनराशि का आगणन कर संशोधित एन0पी0वी0 की अतिरिक्त धनराशि कैम्पा कोष में जमा करते हुए अनुपालन आख्या उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गयी है। उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि अपर सचिव, वन एवं पर्यावरण अनुभाग–04, उत्तराखण्ड शासन के पत्रांक 963 / X–4–15 / 1(492) / 2015 दिनांक 30.10.2015 के द्वारा प्रकरण पर सैद्धांतिक स्वीकृति निर्गत की गयी है परन्तु प्रस्ताव में वर्तमान तक विधिवत स्वीकृति जारी नहीं की गयी है। इसके अतिरिक्त प्रमुख वन संरक्षक (HoFF), उत्तराखण्ड, देहरादून का पत्रांक–1257 / PO दिनांक 03–06–2022 एवं अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, उत्तराखण्ड, देहरादून का पत्रांक–1657 / 1–41(IV) दिनांक 07–01–2022 के द्वारा निर्देशित किया गया है कि जिन प्रकरणों में Stage-I Approval जारी की जा चुकी है किन्तु 05 वर्ष बीत जाने के पश्चात भी वर्तमान तक Stage-II Approval जारी नही हुई है, ऐसे प्रकरण में प्रयोक्ता अभिकरण से नई दरों पर एन0पी0वी0 धनराशि जमा करवाने हेतु लिखा गया है। प्रकरण मे सैद्धान्तिक स्वीकृति वर्ष 2015 में प्राप्त हुई है, प्रस्ताव को 05 वर्षो से अधिक समय व्यतीत होने के उपरांत भी विधिवत स्वीकृति प्राप्त नहीं की गयी, जिसके फलस्वरूप संशोधित नई दरों से निर्धारित अवशेष एन0पी0वी0 की धनराशि जमा की जानी होगी, जिसका विवरण निम्नलिखित है:–

| ईको क्लास | क्षेत्रफल (है0 में) | Stage-I तिथि | प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा जमा किये गये एन0पी0वी0 धनराशि का विवरण (रू0 में) | | | वर्तमान में निर्धारित नई दरानुसार एन0पी0वी0 धनराशि का आंकलन (रू0 में) | | | जमा किये जाने वाली अवशेष एन0पी0वी0 की धनराशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | औसत घनत्व | दर प्रति है0 | धनराशि (रू0 में) | औसत घनत्व | दर प्रति है0 | धनराशि (रू0 में) | |
| V | 1.188 | 30-10-2015 | 0.40 | 8,45,000 | 10,03,860 | 0.40 | 12,92,850 | 15,35,906 | 5,32,046 |

अतः उपरोक्त तालिका के अनुसार जमा किये जाने वाली अवशेष एन0पी0वी0 की धनराशि रू0 मु0 5,32,046.00 कैम्पा कोष में जमा करवाते हुए अनुपालन आख्या ऑनलाईन परिवेश पोर्टल पर एवं मूल प्रति सहित इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक:–यथोपरि।

भवदीय,

प्रभागीय वनाधिकारी,
नरेन्द्रनगर वन प्रभाग, मुनिकीरेती।

संख्या:– / दिनांकित।

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित की सेवा में सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– प्रमुख वन संरक्षक, एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरा नगर फॉरेस्ट कॉलोनी, उत्तराखण्ड देहरादून।
2– वन संरक्षक, भागीरथी वृत्त, उत्तराखण्ड, मुनिकीरेती।

प्रभागीय वनाधिकारी,
नरेन्द्रनगर वन प्रभाग, मुनिकीरेती।